।।ॐ।।
हिमाचल शिक्षा समिति
सरस्वती विद्यामन्दिर हिम रश्मि परिसर विकासनगर, शिमला 171009,हि0प्र0
दूरभाष 0177–2620813, 2620814
www.shikshasamiti.org, E-mail: himachalshikshasamitishimla@gmail.com

प्रैस विज्ञप्ति

हिमाचल शिक्षा समिति सम्बद्ध विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश में चल रहे सरस्वती विद्यामन्दिरों के आचार्य-दीदियों के लिए आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती विद्यामन्दिर चिन्तपूर्णी, जिला ऊना में प्रारम्भ हुआ।

इस वर्ग के उद्घाट्न अवसर पर मुख्यातिथि महन्त सूर्यनाथ जी ने सच्चे शिक्षण के लिए आत्मा की सत् चित एवं आनन्द स्वरूप अवस्था की प्राप्ति हेतु मन का संयम अथवा मन की शुद्धि एवं एकाग्रता आवश्यक है। आचार्यों के द्वारा छात्र का विकास सम्भव है। शिक्षा प्रदान करने का कार्य शिक्षक का है। ग्रहण की गई शिक्षा को व्यवहार में ढालना ही शिक्षा है। किसी भी विषय को छात्र के गले में उतारना की शिक्षक की विशेषता है। उसी से एक आदर्श छात्र का निर्माण हो सकता है।

वर्ग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हिमाचल शिक्षा समिति के महामंत्री देवीरूप शर्मा ने कहा कि विद्या भारती की रीति-नीति से सरस्वती विद्या मन्दिरों में कार्यरत नवीन आचार्य व दीदियों को अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण हमारी दिनचर्या का अभिन्न अंग बने, इस दिनचर्या में हम अपने आप को व्यवस्थित करने का प्रयास करेंगे।

30 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में आचार्य व दीदियों को भारतीय जीवन रचना, संस्कृति, शिक्षा के उद्देश्य से परिचत कराया जाएगा। आचार्य का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा वैचारिक ज्ञान, बाल विकास के प्रमुख नियमों तथा सीखाने के सिद्धान्तों व विद्या भारती के विद्यालयों के वैशिष्ट्य, कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों एवं उनकी शिक्षण विधियों का समुचित ज्ञान करवाया जाएगा। आचार्य में सामाजिक दायित्व व राष्ट्रीय कर्तव्य का बोध, पाठ्योत्तर क्रियाकलापों की व्यवस्था व संचालन, पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की विशेषता, साधनों एवं निर्माण की विधियों, अभिभावक सम्पर्क आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ग में प्रान्तीय व अखिल भारती स्तर के अधिकारियों का मार्गदर्शन प्रशिक्षुओं को प्राप्त होगा। इस वर्ग में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से 72 आचार्य-दीदी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर हिमाचल शिक्षा समिति के संगठन मंत्री श्री राजेन्द्र कुमार, वर्ग के संयोजक डॉ. खेमराज शर्मा, शिक्षा समिति के ऊना जिला अध्यक्ष श्री प्रेम स्वरूप शर्मा, मंत्री श्री सुखदेव शर्मा, विद्यालय के प्रबन्ध समिति सदस्य श्री महेन्द्र शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार उपस्थित थे।